हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि २३ मई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

====================================

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 19वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये।

श्री मोदी ने विभिन्न विभागों में नौकरी पाने वाले युवाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी युवा कठिन परिश्रम के बाद इस मुकाम पर पहुंचे हैं। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।श्री मोदी ने कहा -

यह रोजगार मेला हरियाणा में अंबाला, फरीदाबाद शीत देश में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया।

देश के सभी हिस्सों से चयनित ये युवा रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग सहित भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार संभालेंगे।

==================================

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार राज्य को इलेक्ट्रिक वाहन और ऑटोमोबाइल विनिर्माण के क्षेत्र में देश का अग्रणी केंद्र बनाएगी। इस उद्देश्य से कल मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में उद्योग प्रतिनिधियों, निवेशकों और संबंधित अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की।बैठक में हरियाणा के औद्योगिक विकास, निवेश संभावनाओं तथा एकीकृत ईवी एवं ऑटोमोटिव विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की रणनीति पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान वैश्विक ईवी

निर्माता कंपनी VinFast से संबंधित केस प्रस्तुतिकरण भी गया, जिसमें हरियाणा में संभावित निवेश एवं विनिर्माण अवसरों को रेखांकित किया गया।बैठक में हरियाणा के उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह भी मौजूद रहे।
मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर VinFast कंपनी की कार को चलाकर भी देखा।
मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि उद्योग जगत और सरकार के बीच मजबूत समन्वय से हरियाणा आने वाले समय में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और ऑटोमोटिव विनिर्माण क्षेत्र में वैश्विक पहचान स्थापित करेगा।

===

हरियाणा की सिंचाई एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कल पंचकूला स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों, क्रेच, बाल देखभाल संस्थानों एवं शिशु निकेतन केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्रुति चौधरी ने बच्चों से सीधे संवाद कर उन्हें उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं, खान-पान एवं देखभाल संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कई स्तरों पर लापरवाही सामने आने पर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।उन्होंने पाया कि मुख्यालय स्तर की वरिष्ठ महिला अधिकारी भी नियमित निरीक्षण के लिए केंद्रों में नहीं पहुंच रही हैं।
इस दौरान श्रुति चौधरी ने लापरवाही बरतने के मामले में संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक से स्पष्टीकरण लेने के आदेश जारी किए गए।
मंत्री ने कहा कि बच्चों के खान-पान, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं स्वच्छता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। बच्चों को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
===================================

चंडीगढ़ प्रशासन के स्कूल शिक्षा निदेशक नितीश सिंगला ने सभी निजी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों द्वारा भीषण गर्मी के दौरान भी स्कूल खुले रखने का सख्त नोटिस लिया है। श्री सिंगला ने कहा है कि ऐसे सभी स्कूल आज से ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण बंद रहेंगे। आवश्यकतानुसार स्कूल नौंवी और दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों की केवल ऑनलाइन कक्षाएं जारी रख सकते हैं। आठवीं तक के बच्चों की किसी भी माध्यम से कक्षाएं नहीं होंगी। उन्हें पूरी तरह छुट्टी रहेगी।

उल्लेखनीय है कि आज से केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के सभी सरकारी स्कूल भी ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए बंद रहेंगे।

==

स्वास्थ्य विभाग ने हरियाणा के विभिन्न जिलों में पढ़ रही भीषण गर्मी के मद्देनजर आमजन को लू से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की है।

जींद नागरिक अस्पताल की वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डॉ मंजु सिंगला ने आकाशवाणी संवाददाता से बातचीत में बताया कि अस्पताल में एडवाइजरी के अनुसार सभी प्रबंध किए गये हैं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को गर्मी में बाहर ना निकलने की सलाह दी।

डॉ मंजु ने सभी को दिनभर ओ आर एस का घोल, नारियल पानी, नींबू पानी, लस्सी जैसे तरल पदार्थों का सेवन करते रहने की सलाह दी ताकि शरीर में पानी की कमी न हो।

= =